अमर उजाला 13/08/2024

# एनसीसी कैडेट ने निकाली तिरंगा रैली

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से सोमवार को तिरंगा रैली निकाली गई। रैली हरियाणा बटालियन के निर्देशानुसार एनसीसी गर्ल्स विंग ने निकाली। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि देशभक्ति की भावना प्रत्येक में होनी चाहिए और तिरंगे का सम्मान सर्वोपरि है।

किसी भी अभियान को सफल बनाने के लिए नई पीढ़ी को इससे जोड़ना बहुत जरूरी है। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने कैडेट्स से आह्वान किया कि वह अपने घर में भी एक तिरंगा अवश्य फहराएं। वहीं, कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान के बैनर तले शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया।

कॉलेज के तंबाकू निषेध प्रकोष्ठ की ओर से विद्यार्थियों ने तंबाकू और नशे से संबंधित उत्पादों का उपयोग न करने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को तंबाकू और नशीले पदार्थों का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। संवाद